# विकलांग मंच

विकलांग समुदाय का मार्गदर्शक पाक्षिक

| वर्ष : 30<br>अंक: 17 | जयपुर<br>1 मार्च, 2016 | RNI No.: 46429/86<br>Po.Regn.No.:Jaipur City/207/2015-17 | वार्षिक शुल्कः 50/-<br>प्रति मूल्यः 2.50 |
|---|---|---|---|



विकलांग मंच के आजीवन/वार्षिक सदस्य बनें एवं दूसरों को भी इसके सदस्य बनने की प्रेरणा दें



**विकलांग मंच**

8/141, मालवीय नगर, जयपुर-302017

फोन:0141-2547156, 9351960369,9352320013, फैक्स:0141-4036350

E-Mail:vicklangmanch@ymail.com E-Mail:vicklangmanch@gmail.com




# यूनिक डिसएबिलिटी कार्ड राष्ट्रीय स्तर पर जारी करने की योजना

## अमरावती में उपकरण वितरण हेतु 100वां कामयाब कैंप

अमरावती। पिछले डेढ़ वर्षों के दौरान सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने अक्षम लोगों की सहायता के लिए सहायक उपकरण वितरण हेतु कैंप आयोजित करने की महत्वाकांक्षी योजना को जारी रखने के क्रम में आज अमरावती में व्यापक वितरण कैंप का आयोजन किया। केंद्र सरकार द्वारा मानव संसाधन के अभिन्न अंग के रूप में अक्षम लोगों की पहचान करते हुए उनके पुनर्वास की दिशा में महती कार्य हुए हैं। इसी लक्ष्य को हासिल करने की कोशिशों को आगे बढ़ाते हुए अमरावती स्थित सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने संत गजे महाराज विद्यालय, अमरावती में एक शताब्दी कैंप आयोजित किया। इस अवसर पर केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री थावरचंद गहलौत मुख्य अतिथि थे। समारोह में महाराष्ट्र सरकार के उद्योग और पर्यटन मंत्री प्रवीन पोते और अमरावती के सांसद आनंद राव अदसुल भी मौजूद थे।

इस अवसर पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री गहलौत ने इस तरह के कैंपों के कामयाब आयोजन पर खुशी व्यक्त करते हुए इसकी सफलता की कामना की। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों के दौरान ऐसे कैंप आयोजित करने से 3,75,000 लोगों को उपकरण उपलब्ध कर राहत पहुंचाई गई है। इस तरह के कैंप के महत्व को स्पष्ट करते हुए गहलौत ने घोषणा की कि उनके मंत्रालय में अमरावती जिले में इस साल यूनिक डिसएबिलीटी आईडेंटिटी कार्ड को राष्ट्रव्यापी स्तर पर जारी करने की योजना बनाई है। उन्होंने यह भी कहा कि अमरावती में जरूरतमंद लोगों के फायदे के लिए अत्याधुनिक मोटर चालित तिपहिया साइकिलें भी शीघ्र ही उपलब्ध कराए जाएंगे। कई तरह के लोकप्रिय छात्रवृत्ति योजनाएं वक्त की जरूरत हैं और उनका विभाग अक्षम विद्यार्थियों को इस तरह की जरूरतें पूरी करने पर जोर दे रहा है। इसके अलावा ऐसे कैंप में युवा और बच्चों को बेहतर सुनाई दे, इसके लिए उपकरणों के वितरण पर भी जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे कैंपों की कामयाबी से अब बेहद जरूरतमंद लोगों को सीधे फायदे पहुंचाने की पारदर्शी प्रणाली की आवश्यकता है। गहलौत ने वहां मौजूद दर्शकों को जानकारी दी कि उनके विभाग ने अक्षम लोगों के पंजीकरण के लिए मौके पर ही सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। पहले ये लोग अक्षमता प्रमाण पत्र हासिल करने में दिक्कत महसूस कर रहे थे।

अमरावती में अक्षम लोगों की मदद के लिए नियुक्त विभाग ने इससे पहले 23 जनवरी, 2015 को विशेष शिविर का आयोजन करके जरूरतमंदों की पहचान कर उन्हें लाभ पहुंचाने की पहल की थी। विशेषज्ञों की टीम ने अक्षमता के प्रकार और उन्हें दवाओं की सुविधा का मूल्यांकन करते हुए एक रजिस्टर बनाया था। इस अवसर पर 60 लाख रुपये मूल्य के कुल 1044 उपकरण बांटे गए जिनमें 99 तिपहिया, 28 व्हीलचेयर्स, सुनने वाले 616 उपकरण, 11 बैसाखियां, 58 एमआर किट, वरिष्ठ नागरिकों को 40 बैसाखियां, दिव्यांगों की शिक्षा के 8 किट, 2 ब्रेल स्लेट और 50 कृत्रिम अंग शामिल हैं। इस अवसर पर प्रतियोगी परीक्षा के लिए कोचिंग सेंटर सुविधा का भी उद्घाटन किया गया। इस केंद्र से सभी जरूरी पुस्तकें छात्रों को उपलब्ध कराई गईं जिससे ये प्रशासनिक परीक्षाएं आसानी से उत्तीर्ण कर लें।

### नेशनल ब्लाइंड एंड डेफ जूडो का उद्घाटन

# दिव्यांगों से सीखें लोग : नाईक

लखनऊ। गवर्नर राम नाईक ने चौथे नेशनल ब्लाइंड एंड डेफ जूडो चेंपियनशिप का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पिछले दिनों राजधानी में हुई घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने दिव्यांगों को देखकर कहा किए आप लोगों की तरह समाज हिम्मत करे तो उसे भी ताकत मिल सकती है। हर दिक्कत का ठीक प्रकार से जवाब दें, जिससे लोगों को भी हिम्मत मिले।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम में चौथे नेशनल ब्लाइंड एंड डैफ जूडो चेंपियनशिप का आयोजन किया गया। इसमें 18 राज्यों के दिव्यांग खिलाड़ी जूडो चैंपियशिप में हिस्सा लेने पहुंचे है। इस दौरान खिलाड़ियों ने आत्मरक्षा का प्रदर्शन भी किया। इस दौरान गवर्नर ने कहा कि दिव्यांगों ने आज जो ट्रेलर दिखाया है उससे कह सकता हूं कि पूरा आयोजन सफल होगा। दिव्यांगों के आगे लाने का काम किया जा रहा है।

### देख नहीं सकते, लेकिन यूं देते हैं पटखनी

नेशनल ब्लाइंड एंड डेफ जूडो चैंपियनशिप में महाराष्ट्र से हिस्सा लेने आए 26 साल के जयदीप देख नहीं सकते, लेकिन चुटकियों में अपने से ताकतवर को पटखनी दे देते हैं। यही नहीं बिना छुए एक-दूसरे के ऊपर से छलांग लगा लेते हैं। करीब 18 राज्यों से आए यह दिव्यांगों को जूडो में महारत हासिल है। ये दूसरों को भी प्रेरणा देते हैं कि साहस और कुछ कर गुजरने की इच्छा है तो कोई भी बाधा पार की जा सकती है।

### लक्ष्य है 2020 ओलंपिक में हिस्सा लेना

- जूडो में ब्लैक बेल्ट जयदीप बताते हैं कि जब वह 10 साल के थे तब से जूडो सीख रहे हैं। नॉर्मल और पैरा गेम्स दोनों में खेलते हैं।

- जयदीप ने वर्ल्ड गेम्स में खेला है और साउथ एशियन पैरा गेम्स में ब्रांज जीता है।

- जयदीप ने कहा कि जब मैंने अपने पैरेंट्स को जूडो सीखने के बारे में बताया तो वह काफी परेशान हुए। उन्हें बस मेरे चोट लगने से डर लगता है। मै 3 भाई बहनों में सबसे छोटे हूं, लेकिन अब उन्हें मुझे देखकर खुशी होती है। मेरा लक्ष्य 2020 ओलंपिक में हिस्सा लेना है।

- जयदीप ने बताया कि उन्होंने नॉर्मल जूडो में भी हिस्सा लिया है और कई मेडल जीते हैं।




साथ काम करना कोच के लिए वाकई कठिन है। लेकिन, इन्हें देखकर उन्हें भी काफी खुशी हो रही होगी। उन्होंने कहा कि, आप सभी लोग पढ़ें और आगे बढ़ें। केंद्र और प्रदेश सरकार अपने स्तर से आप लोगों की मदद करती है। कवयित्री कामिनी श्रीवास्तव और पर्वतारोही अरूणिमा सिन्हा से प्रेरणा लेनी चाहिए।

### सरकार कर रही है काम

खेल मंत्री राम सकल गुर्जर ने कहा कि खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का काम सरकार ने किया है। जल्द ही आप जैसे बच्चों के लिए भी योजनाएं लाने वाले हैं। गांवों में काफी प्रतिभा है उन्हें

## विचार मंच

अंततः वही सफल व्यक्ति होता है जो दूसरों की आलोचना से एक ठोस आधार तैयार करता है। –डेविड ब्रिंकले

## कृत्रिम हाथ लगाने का अनूठा प्रकल्प हैं संबल


राजस्थान में रोटरी क्लब उदयपुर एलीट ने कृत्रिम हाथ लगाने का अनूठा प्रकल्प हाथ में लिया है, जो राज्य में अपनी तरह का यह पहला प्रयास है। खासकर शारीरिक दृष्टि से किसी न किसी प्रकार की आवश्यकता वाले लोगों को सामान्य जीवनयापन प्रदान करने के लिहाज से मेवाड़ क्षेत्र में सेवाभावी संस्थाओं का लम्बा इतिहास रहा है। दुर्घटनाओं में हाथ और हथेलियां गँवा देने वाले लोग जिन्दगी भर बेहाथ रहकर अभिशप्त जीवन जीने को विवश हो जाते हैं और हाथों से होने वाले काम नहीं कर पाने की मजबूरी जीवन भर सताए रखती है। इन लोगों की पीड़ाओं को रोटरी क्लब ने समझा और मौजूदा वर्ष के अपने मिशन ''बी ए गिफ्ट टू द वर्ल्ड'' को साकार करने के लिए अपनी सामाजिक सेवाओं के अन्तर्गत निःशुल्क कृत्रिम हाथ लगाने के लिए 'संबल' कार्यक्रम हाथ में लिया। इसके अन्तर्गत रोटरी क्लब डिस्ट्रिक्ट 3040 एवं 3052 द्वारा इस वर्ष जून तक एक हजार लोगों को निःशुल्क कृत्रिम हाथ से लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 400 से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जा चुका है। अपनी तरह के इस विशिष्ट प्रकल्प के अंतर्गत कोहनी के नीचे कटे हाथ वाले दिव्यांग महिलाओं-पुरुषों.बच्चों को अमेरिका के एनल मीडोज प्रोस्थेटिक हेन्ड फाउण्डेशन द्वारा निर्मित उच्च क्वालिटी के कृत्रिम हाथ निःशुल्क लगाए जाते हैं। वैश्विकस्तर वाला तथा उच्चतम गुणवत्ता मानदण्डों पर खरा उतरने वाला यह कृत्रिम हाथ लगाने-निकालने में अत्यन्त सहज एवं सरल तथा मजबूत, टिकाऊ एवं बहुपयोगी हैं इससे 10-12 किलो का वजन आसानी से उठाया जा सकता है। इसकी तीन उंगलियां स्थाई हैं जबकि दो उंगलियां हिलाई जा सकती हैं। लगभग 400 ग्राम वजन वाले इस कृत्रिम हाथ से लगातार साइकिल, मोटर साइकिल भी चलाई जा सकती है। इस हाथ को लगाने के लिए कोहनी के नीचे कम से कम चार-पांच इंच मूल हाथ का हिस्सा होना जरूरी है। एक कृत्रिम हाथ की कीमत 60 हजार रुपए से लेकर दो लाख तक है जिसे निःशुल्क लगाया जा रहा है। रोटरी क्लब उदयपुर एलीट के अध्यक्ष मनीष गलुण्डिया बताते हैं कि क्लब ने अपनी ओर से पहल करते हुए दिव्यांग व्यक्तियों की सेवा के लिए यह सेवा कार्य शुरू किया है। इसके अन्तर्गत आगामी नौ एवं 10 अप्रैल को उदयपुर में हाथ प्रत्यारोपण शिविर लगाया जाएगा। इसमें मध्यप्रदेश के इन्दौर से आने वाली विशेषज्ञों की टीम हाथ प्रत्यारोपण करेगी। इसके लिए इन्दौर से दस विशेषज्ञ तकनीशियनों की टीम आएगी जो कृत्रिम हाथ लगाने के साथ ही इसके परिचालन का प्रशिक्षण भी देगी। इस शिविर के लिए एक मार्च 2016 तक पंजीकरण जारी है। राज्य में पहली बार हो रहे इस प्रयास को खूब सराहना भी मिली है और शिविर का लाभ पाने वाले लोगों में व्यापक उत्सुकता भी देखी जा रही है। विभिन्न प्रचार माध्यमों के साथ ही व्हाट्सएप व फेसबुक के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार जारी है और इसका यह असर हुआ कि अब तक डेढ़ सौ से अधिक लोगों ने कृत्रिम हाथ लगवाने के लिए पंजीकरण करवा लिया है। इनमें न केवल उदयपुर संभाग बल्कि राजस्थान के विभिन्न जिलों, उत्तरप्रदेश, गुजरात, मध्यप्रदेश आदि प्रदेशों के लोग भी शामिल हैं। कई लोग ऐसे भी हैं जो कोहनी से नीचे के अपने दोनों हाथ गँवा चुके हैं। रोटरी क्लब का यह प्रयास मानवता की सेवा का स्वर्णिम अध्याय रचेगा और इससे पीड़ित मानवता की सेवा का पैगाम अन्यों को भी प्रेरित करेगा। यह सेवा कार्य उन लोगों की जिन्दगी को सुकून देगा जो अब तक हाथ नहीं होने की वजह से सामान्य काम-काज भी नहीं कर पा रहे हैं।


**फार्म 4**
**( देखिये नियम 8 )**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रकाशन स्थल | 8/141 मालवीय नगर, जयपुर |
| 2. | प्रकाशन अवधि | पाक्षिक |
| 3. | मुद्रक का नाम | एन.के. खत्री |
| | (क) क्या भारत का नागरिक है | भारतीय |
| | (ख) यदि नहीं तो मूल देश | नहीं |
| | (ग) पता | 8/141, मालवीय नगर, जयपुर |
| 4. | प्रकाशक का नाम | एन.के. खत्री |
| | (क) क्या भारत का नागरिक है | भारतीय |
| | (ख) यदि नहीं तो मूल देश | नहीं |
| | (ग) पता | 8/141, मालवीय नगर, जयपुर |
| 5. | उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार हों। | एन.के. खत्री 8/141, मालवीय नगर, जयपुर |

मैं एन.के. खत्री एतद् द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य हैं।

दिनांक : 1 मार्च, 2016 — एन.के. खत्री, प्रकाशक

## मुगल गार्डन में लुभाएंगे
# ट्यूलिप और प्रीमूला

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति भवन के ऐतिहासिक मुगल गार्डन में इस बार ट्यूलिप और प्रीमूला के फूल दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

राष्ट्रपति के प्रेस सचिव वेणु राजमणि ने यहां संवाददाताओं को बताया कि इस बार विश्व प्रसिद्ध मुगल गार्डन दर्शकों के लिए 12 फरवरी से 19 मार्च तक खुला रहेगा। उन्होंने बताया कि मुगल गार्डन में अलग-अलग रंगों के 12 हजार ट्यूलिप खिले हुए हैं। इन ट्यूलिप के पौधों को नीदरलैंड से आयात किया जाता है। हाईब्रीड फूलों को अमेरिका से आयात किया जाता है।

उन्होंने बताया कि इन फूलों के पौधों को सितंबर माह से ही तैयार किया जाता है। ट्यूलिप और प्रीमूला बसंत ऋतु में खिलते हैं। प्रीमूला फूल हिमालयी रेंज का फूल है। इसी तरह उद्यान में गुलाब की 135 प्रजातियों के फूल फरवरी से मार्च के दौरान खिलते हैं, जिनमें से ग्रीन रोज और ब्लैक रोज विशेष है। इसके अलावा बेलामी, ब्लैक लेडी, डबल डिलाइट, एफेल टावर, ग्रानाडा, जैडिस, मिस्टर लिंकन, सदाबहार और ताजमहल गुलाब की मुख्य प्रजातियां हैं।

मुगल गार्डन को आज मीडिया के लिए खोला गया, जबकि राष्ट्रपति कल औपचारिक रूप से उद्यान का उद्घाटन करेंगे। यह गार्डन 15 एकड़ में फैला हुआ है। उद्यान में 205 प्रकार के फूल हैं। राजमणि ने बताया कि राष्ट्रपति का पसंदीदा फूल ट्यूलिप है। उन्होंने बताया कि उद्यान में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय व्यक्तियों के नाम पर फूल भी हैं, जैसे मदर टेरेसा, अर्जुन, भीम, राजाराम मोहन राय, जवाहर, डॉ. बी. पी. पाल, जॉन एफ कैनेडी, क्वीन एलिजाबेथ, मिस्टर लिकन और मोन्टेजुमा गुलाब। महिलाओं के पर्सनुमा फूल 'लेडी पर्स' (कैलसियारिया) भी महिलाओं के लिए आकर्षण का केन्द्र रहेंगे।

यह उद्यान 12 फरवरी से 19 मार्च तक आम लोगों के लिए सुबह नौ बजकर 30 मिनट से चार बजे तक खुला रहेगा। सोमवार के दिन यह उद्यान बंद रहेगा।

इस उद्यान में स्प्रिचुअल गार्डन, सर्कुलर गार्डन, हर्बल गार्डन, म्यूजिकल गार्डन और बोनसाई गार्डन भी आकर्षण का केन्द्र है। पिछले वर्ष चार लाख 68 हजार लोग मुगल गार्डन देखने पहुंचे थे। इस वर्ष कम से कम छह लाख दर्शकों के यहां पहुंचने की संभावना है।

# मौसमी बदलाव से सावधान रहें अस्थमा रोगीः डॉ. मिश्रा

जयपुर। अस्थमा अथवा एलर्जी से प्रभावित व्यक्तियों को धूल, धुआं, तेज परफ्यूम से बचना चाहिए। मौसम के बदलाव, तापमान के उतार-चढ़ाव के इस दौर में लापरवाही के चलते अस्थमा का प्रभाव बढ जाता है तथा सांस लेने में तकलीफ होने लगती है। ठण्ड कम होने पर भी गर्म कपड़े पहनना बंद नहीं कर देना चाहिए। सावधानी नहीं रखने की स्थिति में व्यक्ति अस्थमा अथवा एलर्जी की चपेट में आ जाता है। शहर के सीतापुरा स्थित महात्मा गांधी अस्पताल में चेस्ट एण्ड टीबी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. महेश मिश्रा ने यह जानकारी एक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में दी। डॉ. मिश्रा ने कहा कि मौसम के बदलाव के कारण अस्थमा को बढ़ावा देने वाले कीटाणु मानव की श्वांस नली पर अतिक्रमण करते है और श्वांस नली में सूजन आ जाती है और श्वांस लेना भी किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होता है। ऐसे में रोगी को तत्काल किसी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती होना पड़ता है। डॉ. मिश्रा ने बताया इस बीमारी से हर पांच में से एक व्यक्ति में एलर्जी के लक्षण पाये जाते हैं।

श्वांस लेने में परेशानी की गंभीरता को अस्थमा अटैक कहा जाता है। आंकडों के अनुसार अस्थमा बीमारी से प्रतिवर्ष लगभग दो लाख से अधिक व्यक्ति मर भी जाते है। अस्थमा की दवा दो प्रकार की होती है। एक तो वह जिससे तत्काल राहत मिलती है, दूसरी नियमित दवाएं होती है। उन्होंने बताया अस्थमा की दवा का इन्हेलर तथा रोटोहेलर से लिया जाना अधिक कारगर साबित हो रहा है। इन्हेलर के जरिये यह दवा सीधे फेफड़े में पहुंचती है तथा इसमें नियंत्रित मात्रा के स्टेरॉइड रक्त में भी नहीं पहुंचते। इससे शरीर में इनका कोई दुष्प्रभाव भी नहीं होता है। उन्होंने बताया कि भ्रांतिवश लोग समझते हैं कि एक बार इन्हेलर लेने पर उसकी आदत हो जाती है। जबकि आदत और जरूरत में बहुत बड़ा फर्क होता है। व्यक्ति जिस चीज जैसे शराब, अफीम, तम्बाकू, बीड़ी, सिगरेट या अन्य नशे का आदि हो जाता है, वह आदत का हिस्सा बन जाती है, जबकि बीमार होने पर दवा ली जाती है वह उसकी जरूरत होती है। व्यक्ति को दवा भी चिकित्सक के परामर्श के अनुसार अपनी आदत का हिस्सा बनाना चाहिए और नियमित दवा के सेवन से अस्थमा रोग पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

**विकलांग मंच कार्यालयः** प्लाट नं. 141, सेक्टर-8, मालवीय नगर, जयपुर-302017, फोनः0141-2547156. फोटो टाइपसेटिंगः टास्क ग्राफिक्स (मोबा.:9828278728)। मुद्रितः श्रीराम आफसेट, जोरावरसिंह गेट बाहर, आमेर रोड, जयपुर। संरक्षकः डी.आर.मेहता (रिटा.आईएएस)। प्रधान संपादकः एम.आर.सिंघवी (रिटा.आईआईएस)। प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादकः एन.के.खत्री। संपादकीय सलाहकारःडॉ. अरुण माथुर। हाडोती अंचल ब्यूरो प्रमुखः अर्जुन देव चढ्डा, कोटा। प्रबन्धकःधर्मपाल। E-Mail:vicklangmanch@ymail.com / vicklangmanch@gmail.com




# एचपीसीएल ने सीएसआर योजना में दृष्टिहीन संस्थान को दिए कम्प्यूटर

जयपुर। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व योजना (सीएसआर) के अंतर्गत लुई ब्रेल दृष्टिहीन विकास संस्थान, जयपुर को दृष्टिबाधित प्रशिक्षणार्थियों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए पांच कम्प्यूटर प्रदान किए गए। गत दिवस यहां आयोजित समारोह में कंपनी के उपमहाप्रबंधक (एमडीपीएल-ऑपरेशन) आर.वी. राजशेखरन ने लुई ब्रेल दृष्टिहीन विकास संस्थान, जयपुर के मानद सचिव ओम प्रकाश अग्रवाल और दृष्टिबाधित प्रशिक्षणार्थियों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए पांच कम्प्यूटर प्रदान किए। इस अवसर पर कंपनी के प्रबंधक सीएसआर शैलेष सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# जिला प्रमुख ने विशेष बच्चों के संग मनाया जन्म दिन



अजमेर। मीनू स्कूल, चाचियावास में जिला प्रमुख वंदना नोगिया ने अपना जन्मदिन मनाया। इस कार्यक्रम के प्रारम्भ पूर्व विद्यालय के बच्चों ने बड़े उत्साह से विद्यालय को सजाया गया वाकेशनल कक्षा में तैयार सामग्री माला, फरियाँ, रंगोली ग्रीटिंग कार्ड आदि का उपयोग किया गया। विद्यालय की बालिका मीनाक्षी (नृत्यांगना) द्वारा तिलक लगाकर वन्दना नोगिया का स्वागत किया गया। राकेश कुमार कौशिक द्वारा विद्यालय में पधार कर जन्मदिन मनाने व बच्चों से मिलने के लिए आभार व्यक्त किया गया। बच्चों ने बड़े उत्साह से बालकविता धूम-धूम सुनाकर सबका मनोरंजन किया। विद्यालय की कठपुतली टीम द्वारा हाव-भाव के साथ कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया इसमे पूनाराम, ईश्वर शर्मा, मन्जू शर्मा, सीमा मेघवंशी व आराधना, रामेश्वर प्रजापति ने भाग लिया।

वंदना नोगिया (जिला प्रमुख) ने बच्चों को फल बांटे तथा परिचय किया।

# गुड़ियाघर के प्रथम कक्ष का लोकार्पण

जयपुर। राजकीय सेठ आनंदीलाल पोदार मूक बधिर उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में गुड़ियाघर के प्रथम कक्ष का लोकार्पण 25 फरवरी को जाने माने समाजसेवी एवं सी.ए. एस.एस.भण्डारी द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य महेश वाधवानी ने बताया कि संस्थान परिसर में स्थित इस गुड़ियाघर में 300 देशी विदेशी गुड़ियाएं है। ये गुड़ियाएं मूक होकर भी देश विदेश की सांस्कृतिक झलक, वेश भूषा में अपनी भाव भंगिमाएं दिखाती है। वाधवानी ने बताया कि सेखसरिया डॉल म्यूजियम का निर्माण भगवानी बाई चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा कराया गया था जिसका उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री स्व. भैरोंसिंह शेखावत ने किया था। वाधवानी ने बताया कि समय के साथ जीर्ण होते गुड़ियाघर का जीर्णोद्धार और एक अतिरिक्त कक्ष का निर्माण यशवंत कंवर रणजीतसिंह भण्डारी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा हाथ में लिया गया। वाधवानी ने बताया कि डॉल म्यूजियम के इस नए कक्ष में 400 नई गुड़ियाएं लाई जा रही है, जो आकर्षण का केन्द्र होगी जिसे पर्यटक राज्य सरकार द्वारा निर्धारित टिकट पर देख सकेंगे। इस राशि का उपयोग विद्यालय विकास कार्य में लिया जाएगा। इसके अलावा पर्यटक व दर्शक अन्य प्रकार से भी मूक बधिर विद्यार्थियों को सहयोग कर सकेंगे।

# सेरेब्रल पाल्सी शिविर में 104 को मिला परामर्श

अलवर। राजस्थान के भरतपुर में सेरेब्रल पाल्सी रोग निदान हेतु लक्की स्कूल में सेरेब्रल पाल्सी रोग निदान व परामर्श शिविर लगाया गया जिसमें अलवर की श्री चन्द्रप्रभु विकलांग कल्याण समिति के संरक्षक खिल्लीमल जैन, अध्यक्ष महेश चन्द जैन अत्तार तथा कार्याध्यक्ष हरीश कॉलरा ने विशेष रूप से भाग लिया। समिति संरक्षक खिल्ली मल जैन ने बताया कि वात्सल्य रत्नाकर जैनाचार्य श्री विमल सागर जी महाराज के जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर आयोजित इस शिविर में 104 रोगियों को परामर्श दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजस्थान के विशेष योग्यजन आयुक्त धन्नाराम पुरोहित ने इस मौके पर कहा कि वे राजस्थान के प्रत्येक जिले में सेरेब्रल पाल्सी हेतु फिजियोथैरेपिस्ट नियुक्त किये जाने हेतु राज्य सरकार से सिफारिश करेंगे। शिविर में त्रिशला फाउण्डेशन इलाहबाद के डॉ. जे.के.जैन ने अध्यक्षता करते हुए मरीजों व उनके अभिभावकों को मार्ग दर्शन दिया।

शिविर में आये अतिथियों का त्रिलोक चन्द जैन एडवोकेट व शिखर चन्द जैन ने स्वागत किया। शिविर का संचालन डॉ. वीरेन्द्र अग्रवाल द्वारा किया गया। लक्की स्कूल की संचालिका डॉ. साधना सिंह ने भी इस मौके पर अपने विचार रखे। शिविर में सर्वोदय विकलांग सेवा समिति के प्रदेश मंत्री शिवचरण लाल ने भी इस तरह के शिविर की सराहना की। नि:शक्तजन सेवा प्रकोष्ठ राजस्थान के संभाग प्रभारी डॉ. आर.एस.चौहान सहित अनेक समाज सेवी लोग भी यहां मौजूद रहे। शिविर में भाग लेने अलवर से गये श्री चन्द्रप्रभु विकलांग कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने राजस्थान के विशेष योग्यजन आयुक्त धन्ना राय पुरोहित के साथ भरतपुर स्थित अपना घर आश्रम का भी अवलोकन किया जहां 1550 महिला-पुरूष आवासी रह रहे हैं।

# विकलांग विकास संगठन की बैठक

बूंदी। विकलांग विकास संगठन की बैठक आजाद पार्क में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि शहर भाजपा के अध्यक्ष एवं विधायक बूंदी अशोक डोगरा रहे। अध्यक्षता विकलांग विकास संगठन के अध्यक्ष हेमराज मीणा ने की। बैठक में डोगरा ने दिव्यांगों की समस्याएं सुनीं। बैठक में संगठन की शहर अध्यक्ष रेखा नायक, अनवर हुसैन अंसारी,, इन्द्रगढ़ ब्लाक अध्यक्ष गिरिराज रेबारी सहित कई दिव्यांग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कामरेड गुलजार खान ने किया।



## Supporting Blind & Visually Challenged

Register Now! Be a part of Historic event. Help 500 Blind Women & Girls in Karnataka Pay Rs.1000/-, Participate & Make A Difference (Refer costing & expenditure chart for sponsorship/Donation Details). On Sunday 6th March, 2016, Time 9-30 am Cubbon Park & Opp Vidhana Southa, Bengaluru-01. Celebrating Life - having sight, seeing beautiful nature and day light is a blessing from above. But unfortunately, many within us and around us in our society are not so lucky and their life is full of dark and limited as they are blind & visually challenged.

It's an attempt to bringing together all the lucky one and not so lucky ones, honoring them, on the Occasion of International Women's Day, make a meaningful event to bridging gap between the two. Where in normal women will do jog walk, blind fold walk, 2k & 5K run and spend time, celebrating women hood. Giving a platform to showcase their achievements and recognize talents. Women and girls who are empowered are better equipped to fulfill their potential and contribute their best to the society.

IDL FOUNDATION; www.idlfoundation.org is a non-profit NGO working for the holistic development of persons with the physical disabilities with an emphasis of blind & visually challenged since 2003. So far, we have helped more than 50,000+ special people, done One Lakh Eye Donation Pledges, IDL Blind Band performed more than 500+ shows to who's who of the world and recipient of State-2006, BBMP Kempegowda-2012, Limca Book-2013 and Best Indian NGO of the year-2015 Awards so far. Presently runs 3 hostels for boys and 1 for girls with Computer & English training center / Finishing school, feeds 100 students every day at Mathikere, North Bangalore, India

**For Donation & Sponsorships Dr.P.K.PAUL-9740288077 / idlfoundation@gmail.com/ For Participation / Associations: 78130 58787 / 78130 68787, HR & Groups: 9972425267**




# बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई

रायसिंहनगर। जिला विकलांग संघ श्रीगंगानगर के अध्यक्ष सरदार हरभजन सिंह के नेतृत्व में संघ के सदस्यों द्वारा स्कूली विद्यार्थियों के साथ यहां केन्द्रीय बस स्टेण्ड पर पांच साल से कम उम्र के बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई गई। अभियान की शुरूआत उप जिला कलेक्टर डॉ. रतन कुमार स्वामी ने एक बच्चे को दवा पिलाकर की। इस अवसर पर संघ के जिला महासचिव अमरीक सिंह, सदस्य सुखाराम, श्रीमती सतपाल कौर मेहरा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सत्य भारती अभिनव शिक्षक पुरस्कार के तहत 16 शिक्षकों का हुआ सम्मान

जोधपुर। जिले में शिक्षा में नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारती फाउंडेशन एवं शिक्षा विभाग (जोधपुर) के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुए सत्य भारती अभिनव शिक्षक पुरस्कार के तहत सोलह शिक्षकों को सम्मानित किया गया। माहेश्वरी सीनियर सेकेन्डरी स्कूल, जोधपुर में आयोजित हुए गार्गी पुरस्कार समारोह में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती नूतन बाला कपिला उप निदेशक (माध्यमिक) जोधपुर, विनीता परिहार, शै.प्र.अ. एलेफ्टिनेंट कर्नल वी.पी. सिंह चूँडावत, रीजनल हेड, राजस्थान एवं श्रीमती गीतिका बहुगुणा, जनरल मैनेजर, भारती फाउंडेशन उपस्थित थे। ज्ञात हो कि विजेताओं की घोषणा जोधपुर स्थित कार्यालय उपनिदेशक (माध्यमिक) शिक्षा विभाग के सभागार में 10 फरवरी निर्णायक मण्डल द्वारा की गयी थी।

विजेताओं में भावी शिक्षक के समूह में राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय जोधपुर से पवन कुमार प्रथम स्थान पर, डाईट जोधपुर से मीरा और इंद्रा द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। प्राथमिक शिक्षक समूह में उर्मिला जुगलावत, सतोष कल्ला, संतोष शर्मा क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। उच्च प्राथमिक श्रेणी में श्वेता ढाकोर, मोतीलाल सुथार एवं सुनील कुमार क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक समूह में अजित सांखला, चुतराराम और लाजवंती क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। अभिनव शिक्षक पुरस्कार के विजेताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार पाने वाले विजेताओं को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं नकद राशि क्रमशः 5000, 3000 और 2000 देकर सम्मानित किया गया।

भारती फाउंडेशन, भारती इंटरप्राइज की विकास इकाई है, जो विगत डेढ़ दशक से देश के विभिन्न राज्यों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकारों की सहयोगी संस्था के रूप में योगदान देती आ रहा है। सत्य भारती अभिनव शिक्षक पुरस्कार के लिए पहल श्रीमति नूतन बाला कपिला उप निदेशक (माध्यमिक) जोधपुर ने किया था। जिसे पिछले तीन महीनों से भारती फाउंडेशन के सहयोग से सम्पन्न कराया जा सका। यह जोधपुर जिले में शिक्षण अधिगम सामग्री हेतु आयोजित पहला अभिनव शिक्षक पुरस्कार है। अगले वर्ष भी इस पुरस्कार का आयोजन जिले के शिक्षकों के लिए किया जाएगा।

# कैसे मिल कर बच्चों के हित में काम करें

## बाल कल्याण समिति की बैठक

बीकानेर। बीकानेर बाल कल्याण समिति में बाल कल्याण समिति के पदाधिकारिया, सदस्यों, जे.जे.बोर्ड सदस्यों, उरमूल सीमांत, उरमूल सेतु, उरमूल ट्रस्ट व प्लान इण्डिया व चाइल्ड लाइन के प्रतिनिधि ने भाग लिया। आज की बैठक में उपस्थिति उक्त संस्थाओं के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने तय किया कि कैसे मिल कर बच्चों के हित में काम करें। बच्चों पर होने वाले शोषण को कैसे कम करके रोकने का प्रयास किया जाय तथा बच्चों को उनके अधिकार दिलाने के लिए कैसे हम सब अपनी अपनी जिम्मेदारी से बच्चों के लिए एक अच्छा माहौल तैयार करे। प्लान इण्डिया के प्रतिनिधि राम ने कहा कि इस नई उर्जावान सी.डब्ल्यू.सी. टीम के साथ बच्चों के हित में अच्छा काम होगा। उरमूल सीमांत समिति के बाल सुरक्षा समन्वयक ज्ञानेन्द्र श्रीमाली ने कहा कि बच्चों के लिए गांवों में होने वाले कार्यक्रमों में कैसे बाल कल्याण समिति के साथ समन्वयन बनाकर बच्चों के हित में काम किया जाय। उरमूल परिवार के चाईल्ड लाइन कार्यकर्ताओं ने अपने कार्य के बारे में जानकारी दी तथा उनके काम में आ रही दिक्कतों के बारे में भी बाल कल्याण समिति को बताया।

बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष वाई.के.शर्मा ने कहा कि उरमूल चाईल्ड लाईन व प्लान के साथ मिल कर बच्चों के लिए अच्छा काम कर रही है। मै आप सबको आश्वासन देता हूँ कि मै अपनी बाल कल्याण टीम के साथ बच्चों के हित में पूरे मनोयोग से प्रयत्न करूगा। सरकार के जो भी विभाग बच्चों के लिए काम कर रहे है उनसे भी हम सब समन्वयन बनाकर काम करेंगे। बैठक में बाल कल्याण समिति की ओर से श्रीमती अरूणा भार्गव, श्रीमती जयश्री पारीक, हाजरा चौहान, रविश कुमार ने भाग लिया। जे.जे.बार्ड से श्रीमति नीलू सेठिया। उरमूल सेतु से औंकारमल, हड़मानाराम, उरमूल ट्रस्ट से देवाराम मेघवाल, प्रीति यादव तथा उरमूल सीमांत से शादाब ने भाग लिया।

# सिलिकोसिस बीमारी से प्रभावित श्रमिकों को किए चैक वितरित

जयपुर। राजस्थान के श्रम राज्य मंत्री सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी ने सिलिकोसिस बीमारी से प्रभावित 53 श्रमिकों को एक-एक लाख रुपये के चैक वितरित किए।

टीटी ने निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कहा कि सिलिकोसिस एक लाइलाज बीमारी है जो श्रमिकों के फेफड़ों में पत्थर के कण जम जाने के कारण होती है। इससे उनको सांस लेने में तकलीफ होती है। उन्होंने कहा कि इस बीमारी के लिए पूर्व में कोई विशेष प्रबंध नहीं किये गए थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में श्रम विभाग द्वारा इस संबंध में चिकित्सकों की एक विशेष टीम को जोड़ा गया।

जिन जिलों में पत्थरों को तराशने का काम किया जाता है, वहां पर कैंप लगाकर श्रमिकों की मेडिकल जांच कर सिलिकोसिस बीमारी वाले मरीजों का चयन किया जाता है। उन्होंने बताया कि श्रमिकों में इस बीमारी के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए भी इन शिविरों में व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं जिससे इस बीमारी से श्रमिकों को बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सिलिकोसिस बीमारी से प्रभावित श्रमिकों को एक लाख रुपये की सहायता तथा इस बीमारी से प्रभावित श्रमिक की मृत्यु होने पर तीन लाख रुपये की सहायता दी जाती है।

---

# आदर्श विद्या मन्दिर विद्यालय में सांसद राठौड़ ने दिये पांच कम्प्यूटर

जयपुर। सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एवं सांसद जयपुर ग्रामीण कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ द्वारा अपने संसदीय क्षेत्र जयपुर ग्रामीण के लोकसभा क्षेत्र विराटनगर के ग्राम परागपुरा स्थित आदर्श विद्या मन्दिर विद्यालय के हॉल के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की आवश्यकता को समझते हुए विद्यालय में अपनी तरफसे पांच कम्प्यूटर मय कम्प्यूटर टेबल तथा बिजली की समस्या को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक कम्प्यूटर के साथ यू.पी.एस. देने की घोषणा की थी।



कर्नल राठौड़ ने अपनी इस घोषणा को अमलीजामा पहनाते हुए आज अपने जन्म दिवस के अवसर पर आदर्श विद्या मन्दिर प्रागपुरा, (विराटनगर) में अपनी तरफ से पांच कम्प्यूटर मय कम्प्यूटर टेबल और पांच यू.पी.एस. उपलब्ध कराये।

कम्प्यूटर उपलब्ध कराने के साथ कर्नल राठौड़ ने यह संदेश दिया कि आज के आधुनिक युग में विद्यार्थियों के लिए कम्प्यूटर ज्ञान बहुत ही आवश्यक है, क्योंकि आज का युग डिजीटल युग बनता जा रहा है जिसमें कम्प्यूटर ज्ञान होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास है कि जयपुर ग्रामीण क्षेत्र इस श्रेणी में पिछड़ा ना रहे और ग्रामीण छात्र भी शहरी छात्रों के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़े। और देश को भी आगे बढ़ाए।

---

# ब्रिजस्टोन इंडिया ने चैन्नई बाढ़ राहत के लिए एक करोड़ का दिया अनुदान

दिल्ली। ब्रिजस्टोन इंडिया प्रा. लिमिटेड, जो रबर और टायर बनाने वाली विश्व की सबसे बड़ी कंपनी ब्रिजस्टोन कॉरपोरेशन की सहायक कंपनी है, ने चैन्नई के बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए प्रधानमंत्री राहत कोष में एक करोड़ रुपए के अनुदान की घोषणा की है। चैन्नई के लोगों ने पिछले साल अभूतपूर्व बाढ़ का सामना किया था, जिसमें शहर के लाखों लोग प्रभावित हुए और जान-माल की काफी हानि हुई।

ब्रिजस्टोन इंडिया द्वारा अनुदान की गई इस राशि का बाढ़ से पीडित लोगों का शीघ्र से शीघ्र स्वास्थ्य लाभ तथा इस दौरान नष्ट हुए बुनियादी ढांचे के पुन:निर्माण का उद्देश्य रखा गया है। ब्रिजस्टोन ने हमेशा ही अपने संस्थापकों के बयान 'बेहतर गुणवत्ता के साथ समाज की सेवा' के मिशन को ध्यान में रखकर काम किया है, तथा समाज कल्याण में कंपनी दृढ़ विश्वास रखती है। इसी सिद्धांत के तहत ब्रिजस्टोन ने 2014 में जम्मू-कश्मीर के बाढ़ पीडितों के पुनर्वास की दिशा में प्रधानमंत्री राहत कोष में एक करोड़ रुपए का अनुदान दिया था।

इस विषय में बात करते हुए ब्रिजस्टोन इंडिया प्रा. लिमिटेड के प्रबंध निदेशक काजुहिको मिमुरा ने कहा कि जो लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं, उनके लिए हम हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। यह वास्तव में एक अप्रत्याशित और दुर्भाग्यपूर्ण घटना है और ब्रिजस्टोन को चेन्नई के लोगों के जीवन के पुन:निर्माण में एक भूमिका निभाने की उम्मीद है।

---



# विशेष योग्यजन शिविर आयोजित

उदयपुर। नारायण सेवा संस्थान तथा जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, उदयपुर द्वारा बड़गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में नि:शुल्क विशेष योग्यजन शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी के.के. चंद्रवंशी व श्रीराम तथा बड़गांव के सरपंच कैलाश शर्मा विशिष्ट अतिथि तथा सहयोगी के रूप में उपस्थित हुए।

संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि इस दौरान दिव्यांग बंधुओं की जांच कर उन्हें व्हील चेयर, ट्राई साइकिल, बैसाखियां, श्रवण यंत्र आदि सहायक उपकरण वितरित किए गए।

संस्थान निदेशक श्रीमती वंदना अग्रवाल ने कहा कि संस्थान पिछले 30 वर्षों से नि:शक्त-बंधुओं की सेवा में कार्यरत है। इस दौरान संस्थान साधिका श्रीमती यशोदा पणिया सहित अखिलेश अग्निहोत्री, मुकेश शर्मा तथा फतेहसिंह चौहान आदि भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अतिवीर बोहरा ने किया।

# जेटली ने किया इंडिया 2016 और भारत 2016 का शुभारंभ



## प्रकाशन विभाग की पुस्तकों की बिक्री में मदद करने के लिए ई-कॉमर्स मंच

नई दिल्ली। केन्द्रीय सूचना और प्रसारण, वित्त तथा कॉरपोरेट मामलों के मंत्री अरूण जेटली ने इंडिया 2016 और भारत 2016 के प्रिंट और डिजिटल संस्करणों का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रकाशन विभाग के पुनर्गठन से वैश्विक रूप से ऑनलाइन पाठकों तक विभिन्न सरकारी पत्रिकाओं को डिजिटाइज करने के लिए महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है।

इस बारे में खुलासा करते हुए उन्होंने कहा कि पुस्तकों का डिजिटल संस्करण प्रकाशित संस्करण के मुकाबले 25 प्रतिशत सस्ता होगा और इससे कागज की खपत कम करने में भी मदद मिलेगी। मंत्री महोदय ने यह भी बताया कि वार्षिक संदर्भ पुस्तक एक परिसंपत्ति है और सभी हितधारकों के लिए सूचनाओं का भंडार है।

जेटली ने प्रकाशन विभाग के लोकप्रिय पत्रिकाओं और रोजगार समाचार की ऑनलाइन सेवाओं के चंदे का भारत कोष के माध्यम से भुगतान करने की सेवाओं का शुभारंभ भी किया। भारत कोष, वित्त मंत्रालय का गैर कर प्राप्ति पोर्टल है। ऑनलाइन शुल्क सेवाओं का शुभारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रौद्योगिकी का उद्देश्य जटिल मुद्दों के समाधान उपलब्ध कराना है। उन्होंने उल्लेख किया कि भारत कोष पोर्टल से पत्रिकाओं की बिक्री से प्राप्त धनराशि का भारत की समेकित निधि में हस्तांतरण हो जाएगा।

अरुण जेटली ने फ्लिपकार्ट के रूप में ई-कॉमर्स मंच के माध्यम से प्रकाशन विभाग की प्रमुख पुस्तकों के छपे संस्करण की बिक्री की सेवा का भी शुभारंभ किया। संदर्भ पुस्तक 2016 और उनचास अन्य महत्वपूर्ण पुस्तकें अब फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध होंगी।


इस अवसर पर मौजूद सूचना और प्रसारण सचिव सुनील अरोड़ा ने कहा कि भारत संदर्भ पुस्तक प्रकाशन विभाग का एक महत्वपूर्ण प्रकाशन है। शिक्षाविदों और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयारी कर रहे छात्रों के लिए यह तैयार संदर्भ है और इसे भारत के बारे में प्रामाणिक और विश्वसनीय जानकारी की इच्छा रखने वाले हर व्यक्ति को पढ़ना चाहिए।

**माता-पिता की सेवा करें**

**पेड़ बूढ़ा ही सही, आंगन में लगा रहने दो**
**फल न सही, छांव तो देगा....**

# सदगुरू से भी ऊँचा स्थान है सेवा का

उदयपुर। नारायण सेवा संस्थान के सेवा महातीर्थ, बड़ी में राधा स्वामी संत मत केंद्र, रामगढ़, (चंडीगढ़) से, संत श्री विजय दयाल शून्यो जी महाराज व गुरू माँ डॉ. मनजीत कौर का शुभागमन हुआ। संस्थान संस्थापक साधु कैलाश जी मानव के पावन सानिध्य में साधकों ने धूमधाम से शोभायात्रा निकाल कर उनका स्वागत सत्कार किया। इस अवसर पर मानव ने कहा कि आत्मा और परमात्मा के योग को ही राधा स्वामी कहा गया है। संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि पूज्य शून्यो जी महाराज तथा गुरू माँ ने बड़ी परिसर का अवलोकन किया तथा देश-विदेश से नि:शुल्क चिकित्सा हेतु पधारे रोगी भाई-बहनों की कुशलक्षेम पूछकर उन्हें शीघ्र स्वस्थ होने का आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर दिल्ली, औरंगाबाद, हरिद्वार, नांदेड़, देहरादून तथा पंजाब से पधारे भाई-बहनों ने पूज्य गुरूदेव की मुखारविंद से सत्संग का लाभ उठाया। शून्यों जी महाराज ने कहा कि जब परमात्मा भक्तों की पीड़ा देखते हैं तो उसकी आंखों से



करूणा के आंसू बहने लगते हैं और फिर वह साधु कैलाश मानव जैसे संतो के रूप में उनकी सेवा करने व उनका दु:ख दूर करने आते हैं। गुरू माँ डॉक्टर मनजीत कौर ने कहा कि नारायण सेवा के कण-कण में संगीत बसा है, सेवा बसी है और यह वास्तविक रूप में ही सेवा का महातीर्थ है। राधा स्वामी संत मत केंद्र भीलवाड़ा से पधारे भक्तों में कैलाश अग्रवाल, रमेश गर्ग, सुनील कंसारा, विजय अग्रवाल, उत्तम सर्राफ व पैसिफिक यूनीवर्सिटी के वाइस चांसलर डी.पी. अग्रवाल ने भी नारायण सेवा में हो रहे सुंदर कार्यों के विषय में अपने विचार व्यक्त किए। संस्थान निदेशक वंदना अग्रवाल, ट्रस्टी देवेंद्र चौबीसा व जगदीश आर्य ने देशभर से आए अतिथियों का मेवाड़ की शान पगड़ी व उपरणा पहना कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन महीम जैन ने किया।

# सीएसआईआर लेकर आई मधुमेह की आयुर्वेदिक दवा बीजीआर 34

चंडीगढ़। मधुमेह रोगियों के लिये अच्छी खबर, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) ने टाइप टू मधुमेह की देश में पहली बार वैज्ञानिक रूप से प्रामाणिक आयुर्वेदिक दवा बाजार में उतारी है। सीआईएसआर की लखनऊ स्थित अनुसंधान इकाईयों राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (एनबीआरआई) और केंद्रीय औषधीय एवं सुगंध पौध संस्थान (सीमैप) के विज्ञानिकों ने संयुक्त रूप से 500 जड़ी बूटियों के गहन अध्ययन एवं अनुसंधान के बाद यह दवा विकसित की है। सीएसआईआर और एनबीआरआई के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. ए. के. एस. रावन ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि दवा के चिकित्सकीय परीक्षणों में यह पाया गया है कि यह न केवल बढ़े हुये मधुमेह स्तर को नीचे लाने तथा प्रतिरक्षा क्षमता में वृद्धि करने में कामयाब हुई है बल्कि यह सुरक्षित और दुष्प्रभाव रहित भी है। इससे तिल्ली, लीवर और किडनी कार्यप्रणाली तथा लिपिड प्रोफाईल स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार सामने आये। डा. रावत ने बताया कि दवा में मुख्य रूप से दरूहरिद्रा, गिलोय, विजयसार, गुड़मार, मजीठ और मेथी का रस सहित 34 अन्य आयुर्वेदिक घटक इस्तेमाल किये गये हैं। दवा बनाने तथा इस बाजार में वितरित करने के अधिकार आयुर्वेदिक दवा निर्माता अग्रणी कम्पनी एमिल फार्मास्युटिकल्स इंडिया लिमिटेड को प्रदान किये गये हैं। कम्पनी ने दवा की कीमत पांच रूपये प्रति गोली निर्धारित की है।

## ग्राहक बनकर बैंक जायेंगे आरबीआई के अधिकारी

तिरुवनंतपुरम। ग्राहकों के शिकायत निपटान तथा उनके अधिकारों के प्रति बैंकों की संजीदगी की वस्तु स्थिति देखने के लिए रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अधिकारी एक आम आदमी की तरह बैंकों की शाखाओं में जायेंगे।

आरबीआई गवर्नर रघुराम राजन ने यहाँ बैंकिंग लोकपालों की दो दिवसीय बैठक के उद्घाटन के मौके पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक ने ग्राहकों के कुछ अधिकार तय किये हैं और बैंकों से इन्हें लागू करने के लिए कहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि शिकायत निपटान प्रणाली को बैंकों की कारोबारी गतिविधि का हिस्सा बनाया जाना चाहिये। नियामक और निरीक्षक प्रक्रिया में शिकायतों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। राजन ने कहा कि ग्राहकों की पहुँच बैंकिंग सेवा तथा शिकायत निपटान प्रणाली तक अनिवार्य रूप से होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि बैंक वेबसाइट, मोबाइल फोन, मिस्ड कॉल या कलेक्शन प्वाइंट के जरिये ग्राहकों को आसानी से अपनी शिकायत रखने की सुविधा दे सकते हैं।



# राज्यपाल को 'हम सब का प्रयास भरतपुर का विकास' कैलेण्डर भेंट

जयपुर। राज्यपाल कल्याण सिंह को भरतपुर के 283वें स्थापना दिवस पर प्रकाशित कैलेण्डर हम सब का प्रयास:भरतपुर का विकास-2016 की प्रति भेंट की गई।

इस मौके पर लोहागढ़ विकास परिषद के अध्यक्ष गुलाब बत्रा, कोषाध्यक्ष गोपाल गुप्ता व सरस के उप प्रबंधक विनोद गेरा मौजूद थे।

# हरदोई के उत्साहित युवाओं की टोली संचालित कर रही है ''रोटी बैंक''

हरदोई। सेवा परमो धर्म: के सूत्र को चरितार्थ करते हुये उत्तर प्रदेश में हरदोई के कुछ युवक बुजुर्ग, बेसहारा और जरूरतमंद लोगों को भोजन मुहैय्या करा रहे हैं।

देश के पिछड़े जिलों में शुमार हरदोई में सप्ताह के हर शनिवार को ''भूखा न सोये कोई रोटी बैंक'' के संकल्प के साथ करीब 15 युवाओं की टोली गरीब और बेसहारा लोगों को घर की बनी रोटियां खिलाने में जुटी है।

मुहिम में शामिल सदस्यों में एक विक्रम पाण्डेय कहते हैं कि उन्होंने रोटी बैंक की मुहिम बुंदेलखंड समेत देश के अन्य क्षेत्रों में लोगों द्वारा चलाये जा रहे रोटी बैंक से प्रेरणा से शुरू की थी। इस संगठन ने हालांकि अभी इस मुहिम की शुरुआत सप्ताह में केवल एक दिन के साथ शुरू की है।

शनिवार को युवाओं की टोली रेलवे स्टेशन, बस अड्डा और अस्पताल समेत अन्य सार्वजनिक स्थानों पर गरीब और बेसहारा लोगों को रोटी वितरण करती है।

युवाओं का दल रोटी का इंतजाम शहर के वार्डो से मोहल्लों तक घर घर जाकर करता है। दिन के पहले पहर




तक उनके पास करीब 2000 रोटियां इकट्ठा हो जाती है। रोटी के साथ सब्जी, आचार, मिर्च, गुड का खर्चा युवा स्वयं वहन करते हैं। इन रोटियों को साफ़ सफाई से पैकेटो में पैक कर वितरित किया जाता है।

मुहिम में शामिल युवाओं का कहना है कि उन्होंने बड़े सीमित संसाधनों से इसकी शुरूआत की थी। स्थानीय लोगों ने उनका उत्साहवर्धन किया जिसके जरिये वे जल्द ही हर रोज रोटी वितरण की मुहिम शुरू करने जा रहे हैं। शहर के करीब 350 से अधिक घर इस मुहिम से जुड़ गए हैं, हालांकि प्रत्येक घर से यह लोग 2 रोटी ही देने की बात कहते हैं लेकिन मदद के नाम पर चार से दस रोटियां तक मिल रही हैं।

रोटी बैंक के सदस्य अनुभव बाजपेयी के अनुसार रोटी बैंक में रोटी आ जाने के बाद इसी संगठन से जुड़े लोग पहले उन आई रोटियों के पैकेट को खोलने के बाद उनको एक जगह एकत्र करते हैं उसके बाद उनको सब्जी, अचार, प्याज और गुड के साथ दूसरे लिफाफों में पैक करने में इसी संगठन के लोग तनमन से जुटते भी है। इसके बाद रोटी बैंक के लोग इन पैकेटों को जरुरतमंदों को पहुचांते भी है। रोटी बैंक के सदस्यों के मुताबिक उनको इस सेवा भाव से संतुष्टि मिलती है।

**हमेशा हँसते रहिए, एक दिन ज़िन्दगी भी आपको परेशान करते-करते थक जाएगी.**

## लोकजन शक्ति पार्टी ने विकलांगों के आवास के लिए कलक्टर को दिया ज्ञापन

झालावाड़। लोकजन शक्ति पार्टी के जिला महामंत्री फिरोज खान वारसी ने केन्द्रीय मंत्री रामविलास पासवान के दिशा निर्देश पर विशेष योग्यजनों (विकलांगों) को सरकार की योजनाओं के अन्तर्गत आवासीय भूमि उपलब्ध होना चाहिए। आवास हेतु ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज विभाग द्वारा नियमानुसार भूमि उपलब्ध करवाने हेतु विकलांगों को लाभान्वित करने की नायाब पहल की है। बेरोज़गार विकलांगों को भूमि उपलब्ध करवाने के लिए जिला महामंत्री फिरोज खान वारसी ने जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र सोनी को कार्यवाही हेतु ज्ञापन दिया। इस सम्बन्ध में महामंत्री ने बेरोज़गार विकलांगों को आवास हेतु कार्यवाही आगे बढ़ाने के लिए सम्बंधित विभाग को निर्देशित करने की बात कही।

## हिंदुस्तान यूनीलीवर ने की व्हील चेयर भेंट

उदयपुर। होटल फतह प्रकाश में हुए एक विशेष कार्यक्रम के दौरान विश्व प्रसिद्ध कंपनी हिंदुस्तान यूनीलीवर ने, नारायण सेवा संस्थान में उपचाराधीन दिव्यांग बंधुओं को व्हील चेयर प्रदान कर उनका उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए नारायण सेवा के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बताया इस अवसर पर कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी देव वाजपेई ने संस्थान के सेवा कार्यो की सराहना की और कहा कि कैलाश मानव द्वारा निरंतर 30 वर्षो से किया जा रहा सेवा का ये पवित्र कार्य, वाकई काबिले-तारीफहै।



इस खास मौके पर उपस्थित उदयपुर के राजकुमार लक्ष्यराज सिंह ने भी नि:शक्त बंधुओं को आशीर्वाद प्रदान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# खतरनाक हैं आयरन की गोलियां

लंदन। विश्व भर में लाखों लोग खून बढ़ाने के लिए आयरन की गोलियां लेते हैं और वे इस बात से अनजान होते हैं कि ऐसी गोलियां 10 मिनट के अंदर हमारे शरीर को भारी नुकसान पहुंचा सकती हैं।

विशेषज्ञों ने आयरन की गोलियों को बच्चों की पहुंच से दूर रखने की सलाह दी है क्योंकि इसका ओवरडोज इतना खतरनाक है कि इससे बच्चों की मौत तक हो सकती है। प्राय: देखा गया है कि लोग इस शौक में भी आयरन की गोलियां लेते हैं कि उनके शरीर में खून की कमी नहीं रहे और वे स्वस्थ और सुंदर बने रहे। लेकिन ऐसा करना बेहद खतरनाक है। नये शोध में डाक्टरों को दवा की खुराक लिखते समय सावधानी बरतने का सलाह दी गयी है।

लंदन इंपीरियल कॉलेज में नेशनल हार्ट एडं लंग इंस्टीट्यूट के डॉ. क्लेर शोवलिन ने अपने अनुसंधान में यह बात कही है। डॉ. शोवलिन के अनुसार पुरूष को एक दिन में 08.7 मिलीग्राम और महिला को 14.8 मिलीग्राम आयरन की खुराक की आवश्यकता होती है और आयरन की यह खुराक हम अपने दैनिक उपयोग की वस्तुओं से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि 100 ग्राम मांस में तीन ग्राम आयरन पाया जाता है जबकि इतने ग्राम पालक में 2.7 ग्राम आयरन मिलता है।

डॉ. शोवलिन की टीम प्रयोगशाला में छह घंटे के प्रयोग में इस निष्कर्ष पर पहुंची कि आयरन की गोलियां तेजी से हमारी रक्त धमनियों को नुकसान पहुंचाती हैं और यह हमारे डीएनए के काम को भी प्रभावित करती हैं।

डाक्टरों की टीम के अनुसार प्रयोगशाला में किए गए अनुसंधान में देखा गया कि कोशिकाओं में आयरन का द्रव डालने पर 10 मिनट के अंदर इन्हें नुकसान पहुंचने लगा। यही नहीं छह घंटे के बाद यह कोशिकाओं के क्षतिग्रस्त होने का काम जारी था। व्यक्ति के शरीर की सभी कोशिकाओं में डीएनए रिपेयर सिस्टम होता है। प्रयोग के दौरान यह बात सामने आयी कि कोशिकाओं में आयरन का द्रव मिलाए जाने पर इस रिपेयर सिस्टम को काम करने में सामान्य से अधिक ताकत लगानी पड़ती है।

इससे इसकी पुष्टि होती है कि पहले के अनुमानों के उलट हमारी कोशिकाएं आयरन के प्रति बेहद संवेदनशील होती हैं।

टीम ने यह भी कहा कि डाक्टरों को आयरन की गोलियां लिखते समय सावधानी बरतने की जरूरत है। जो व्यक्ति खून की भारी कमी से जूझ रहा है उसे उसकी आवश्यकता के अनुसार ही खुराक मिलनी चाहिए और भरसक कोशिश होनी चाहिए कि प्राकृतिक स्रोतों से आयरन की कमी पूरी हो जाये।



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह वात्सल्य ग्राम वृंदावन में निराश्रित बच्चों से आशीर्वाद प्रदान कर बतियाते हुए। समीप ही वात्सल्य ग्राम वृंदावन की संस्थापिका साध्वी ऋतम्भरा एवं आश्रम के पदाधिकारी दृष्टिगोचर हो रहे हैं।

# मनोरोगियों को जंजीरों से मुक्त करवाकर उपचार करायें : राठौड़

जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र राठौड़ ने मानसिक रोगियों को जंजीरों में बांधकर रखने को अमानवीय बताते हुए इन्हें जंजीरों से मुक्त करवाकर समुचित उपचार कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कोटा में प्रतियोगी परीक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा आत्महत्या की प्रवृति को दृष्टिगत रखते हुए विशेष कार्य योजना बनाकर कार्यवाही के निर्देश दिये हैं।

राठौड़ स्वास्थ्य भवन में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में निर्धारित राशि का समुचित उपयोग करने के साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों में प्रभावी समन्वय कर उन्हें इन्टीग्रेट करने के निर्देश दिये। चिकित्सा मंत्री ने राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की। कार्यक्रम के तहत 7 जिलों में 351 चिकित्सकों एवं 3 हजार नर्सिंगकर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा 14 हजार 150 मरीजों का उपचार किया गया। इन सभी जिलों में जिला मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण का गठन करने के साथ ही राज्य स्तर पर भी मानसिक स्वास्थ्य नियंत्रण इकाई का गठन किया जा चुका है। मनोरोगियों को जंजीरों से मुक्त कराने के लिए स्वयं सेवी संस्थाओं का भी सक्रिय सहयोग लिया जायेगा। राठौड़ ने राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि 5 जिलों में संचालित इस कार्यक्रम में मुख स्वास्थ्य का सर्वेक्षण करवाकर शिविरों का आयोजन कर उपचार की व्यवस्था की जा रही है। राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रदेश में अब तक पाये गये 67 हजार 430 कुष्ठ रोगियों में से अब तक 66 हजार 273 रोगियों को रोग मुक्त किया जा चुका है एवं 1157 का उपचार चल रहा है। राज्य में कुष्ठ रोग प्रसार दर मात्रा 0.16 प्रति दस हजार है जबकि राष्ट्रीय प्रसार दर 0.69 प्रति दस हजार है। तम्बाकू नियंत्रण का व्यापक प्रचार करें चिकित्सा मंत्री ने प्रदेश में 34 प्रतिशत लोग तम्बाकू का सेवन करते हैं एवं कैंसर रोगियों में से 90 प्रतिशत तम्बाकू जनित रोगी है। उन्होंने प्रदेश में कोटपा कानून की सख्ती से अनुपालना करना एवं विशेष रूप से विद्यालयों में तम्बाकू नियंत्रण गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिये। तम्बाकू पदार्थों की रोकथाम के लिए कोटपा एक्ट के तहत स्वास्थ्यकर्मियों को चालान करने के लिए अधिकृत किया गया है। उन्होंने सभी चिकित्सकों को मासिक चालान के लक्ष्य भी निर्धारित करने के निर्देश दिये। राठौड़ ने खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत निर्धारित प्रावधानों के अनुसार सैम्पल लेकर जांच करवाने एवं मिलावट पाये जाने पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने राष्ट्रीय असंक्रामक रोग नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम सहित विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रम की विस्तार से समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

बैठक में प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मुकेश शर्मा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक नवीन जैन, संयुक्त निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. पृथ्वी परिहार, प्रबंध निदेशक आरएमएससी ओमप्रकाश कसेरा, निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. बी.आर.मीणा सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद थे।

## कविता


### वाह रे जमाने तेरी हद हो गई

बीबी के आगे माँ रद्द हो गई।
बड़ी मेहनत से पाला जिसने,
आज वो मोहताज हो गई।
और कल की छोकरी तेरे सर का ताज हो गई।
बीबी हमदर्द और माँ सिरदर्द हो गई।
वाह रे जमाने तेरी हद हो गई।
पेट पर सुलाने वाली पैरो में सो रही है।
बीबी के लिये लिमका माँ पानी को रो रही है।
सुनता नहीं कोई वो आवाज देते देते सो गई।
वाह रे जमाने तेरी हद हो गई।
माँ माँजती है बर्तन वो सजती संवरती है।
अभी निपटी नहीं तू बुढ़िया इसलिये उस पर बरसती है।
अरे दुनियाँ को आ गई मौत तेरी मौत कहाँ गुम हो गई।
वाह रे जमाने तेरी हद हो गई।
अरे जिसकी कोख में तू पला अब उसकी छाया बुरी लगती है।
बैठ हौंडा पर महबूबा कन्धे पर हाथ जो रखती है।
वो यादें अतीत की वो मोहब्बतें माँ की सब रद्द हो गई।
वाह रे जमाने तेरी हद हो गई।
बेवस हुई माँ अब दिये हुए टुकड़ों पर पलती है।
अतीत को याद कर तेरा प्यार पाने को मचलती है।
अरे मुसीबत जिसने उठाई वो खुद मुसीबत हो गई।
वाह रे जमाने तेरी हद हो गई।

**डा. आर.एस.चौहान, डेगाना**

# पंकज को मिली नई जिन्दगी

उदयपुर। भीलवाड़ा निवासी पंकज (22 वर्षीय) अपने दिल की बीमारी से काफी समय से परेशान था। पंकज अपने दादा-दादी का सहारा बन कर बर्तन की एक दुकान पर नौकरी कर अपना जीवन यापन कर रहा था। शहर में लगे नि:शुल्क चैकअप कैम्प में जांच में पता चला कि वह दिल में छेद की गंभीर बीमारी से ग्रसित है और इसका एक ही विकल्प ऑपरेशन है। ऑपरेशन में खर्च लायक राशि की व्यवस्था इस गरीब परिवार के बूते से बाहर थी। ऐसी स्थिति में परेशान पंकज को सहारा मिला नारायण सेवा संस्थान- सेवा परमो धर्म (ट्रस्ट) का। उसने ट्रस्ट अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल से मिलकर अपनी बीमारी व परिवार की स्थिति बताई। अग्रवाल ने बिना विलम्ब पंकज को ऑपरेशन हेतु नारायण स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, जयपुर भिजवाया और उसके ईलाज का समस्त व्यय ट्रस्ट ने वहन किया। पंकज का ऑपरेशन सफलतापुर्वक हो चुका है और वह खुश है।



## कौशल और निकिता को मिला कैंसर पोस्टर प्रतियोगिता पुरस्कार





जयपुर। राजस्थान कैंसर सोसायटी, जयपुर द्वारा आयोजित कैंसर पोस्टर प्रतियोगिता-2016 का आयोजन किया गया। समाचारपत्र में निकली विज्ञप्तिनुसार पोस्टर प्रतियोगिता का विषय था-कैन्सर से बचाव। केन्द्रीय विद्यालय नं0 4 जयपुर, के कक्षा 6 के कौशल शर्मा का बनाया गया कैंसर पोस्टर प्रतियोगिता में सांत्वना पुरूस्कार के लिये चयन किया गया। कैंसर सरवाईकल दिवस के उपलक्ष्य में सवाई मानसिंह अस्पताल, मेडिकल एसोसियेशन जेएमए सभागार में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि चिकित्सा विभाग के प्रमुख शासन सचिव मुकेश शर्मा ने कौशल शर्मा को स्मृति-चिन्ह, प्रमाण-पत्र एवं 500 रूपये का चैंक देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. यू.एस. अग्रवाल भी मौजूद थे। केन्द्रीय विद्यालय नं0 4 की कक्षा चतुर्थ की निकिता शर्मा को एवं केन्द्रीय विद्यालय नं0 1 की कीर्ति शर्मा को भी पोस्टर बनाने के संन्दर्भ में केवल प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## ओरियंटल बैंक के स्थापना दिवस पर नेत्र शिविर का आयोजन

ओ.बी.सी.

जयपुर। ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स के 74वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सीताबाड़ी सांगानेर शाखा ने नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया। नेत्र शिविर का उद्घाटन बैंक के उप महाप्रबंधक जगत सिंह विष्ट और सहायक महाप्रबंधक संजीव भारद्वाज ने किया। शिविर में डॉ. शिरीष बत्रा और उनकी टीम द्वारा सैकड़ों लोगों का नेत्र परीक्षण कर उपचार विधि एवं सलाह दी गई।

## किसान विकास पत्र पर ज्यादा ब्याज की व्यवस्था समाप्त

नयी दिल्ली। सरकार ने अर्थव्यवस्था में कम ब्याज दर का युग लाने के उद्देश्य से किसान विकास पत्र तथा कम अवधि के सावधि जमा पर ज्यादा ब्याज दर की व्यवस्था समाप्त कर इनकी दरें बाजार दर के अनुरूप तय करने का फैसला किया है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि 01 अप्रैल 2016 से लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दर की तिमाही आधार पर समीक्षा की जायेगी और इन्हें सरकारी प्रतिभूतियों पर मिलने वाली बाजार दर के अनुरूप बनाया जायेगा। मंत्रालय की ओर से जारी बयान में बताया गया ''माना जा रहा है कि लघु बचत योजनाओं से बैंकिंग सेक्टर को रिजर्व बैंक द्वारा घटाई गई रेपो दर का लाभ ग्राहकों को देने में दिक्कत आ रही है। आम ग्राहकों को कम ब्याज दर देना बैंकों के लिए आसान बनाने के उद्देश्य से सरकार को भी कुछ राष्ट्रीय लघु बचत योजनाओं के सामाजिक उद्देश्य की पुन: समीक्षा करनी होगी। इसलिए 01 अप्रैल 2016 से इनमें बदलाव का फैसला किया गया है।'' बयान में बताया गया कि अभी एक साल, दो साल और तीन साल के सावधि जमा, किसान विकास पत्र तथा पाँच साल के आवर्ती जमा पर समकालिक सरकारी प्रतिभूति की तुलना में 0.25 प्रतिशत ज्यादा ब्याज मिलता है।



# दिव्यांग सुरभि परियानी सम्मानित

राजसमन्द। श्री द्वारकेश अक्षम सेवा संस्थान द्वारा संचालित जागृति उच्च माध्यमिक विशेष विद्यालय में सैकण्ड्री ग्रुप में अध्ययरत दिव्यांग छात्रा सुरभि परियानी को गणतंत्र दिवस पर मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार सुश्री सुरभि परियानी को जो कि सेरेब्रल पाल्सी होने के बावजूद उसकी लगन एवं हौसले के कारण उसे उत्साहित करते हुए प्रेरणा स्रोत के रूप में प्रदान किया गया। यह पुरस्कार माननीया किरण माहेश्वरी, जलदाय एवं भूजल मंत्री द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर जिला कलक्टर के.सी. वर्मा एवं जिला पुलिस अधीक्षक विष्णुकान्त उपस्थित थे।

# दिव्यांग छात्रों की विदेश से टेली काउंसिलिंग कराएगा सीबीएसई

लखनऊ। सीबीएसई बोर्ड एक्जाम एक मार्च से शुरु हो रहे हैं। इस दौरान सीबीएसई ने एफिलिएटेड सभी स्कूलों में अपीयर होने वाले दिव्यांगों की विदेश से फ्री में साइकोलाजिकल टेली काउंसिलिंग कराने का फ्रेमवर्क तैयार कर लिया है। बोर्ड एक्जाम से पहले लगभग सभी सीबीएसई स्कूलों में इंडियन काउंसलर्स के साथ.साथ विदेशों के काउंसलर्स भी बोर्ड एसपीरेंटस की टेली काउंसिलिंग करेंगे।

सीबीएसई के पब्लिक रिलेशन ऑफिसर रामा शर्मा ने बताया कि बोर्ड एक्जाम से पहले बोर्ड ने प्री एक्जाम काउंसिलिंग की व्यवस्था की है। इसके लिए 76 काउंसलर्स की व्यवस्था की गई है। 16 काउंसलर्स नेपाल, जापान, सउदी अरब, ओमान, जेद्दा, शारजाह, दुबई और कुवैत से होंगे। इसमें नॉर्मल स्टूडेंट्स के साथ-साथ दिव्यांगों के लिए स्पेशल स्ट्रेस रिलेटेड काउंसलिंग की व्यवस्था है।

स्टूडेंट्स को सीबीएसई का टोल फ्री नंबर 1800118004 डायल करना होगा। इसके बाद दूसरी ओर बैठे ऑपरेटर्स फोन कॉल रिसीव करेंगे। एक्जाम रिलेटेड जनरल क्रेरीज को ऑपरेटर्स ही सॉल्व कर देंगे। इसके बाद अगर स्टूडेंट या उसके पैरेंट्स को फील होता है कि बच्चे की साइकोलॉजिकल काउंसलिंग की जरूरत है तो वह काउंसलर्स से उसी लाइन पर कॉन्टेक्ट कर सकते हैं।

# शकुंतला मिश्रा यूनिवर्सिटी ने लक्ष्यों को किया हासिल

लखनऊ। डॉ.शकुंतला मिश्रा नेशनल रिहैबिलिटेशन यूनिवर्सिटी में दिव्यांगों की बैरियर फ्री सेंट्रल लाइब्रेरी के साथ कई बिल्डिंग्स का इनॉग्रेशन हुआ। चीफगेस्ट के तौर पहुंचे कैबिनेट मंत्री शिवपाल यादव ने कहा कि यूनिवर्सिटी ने अपने उद्देश्यों और लक्ष्यों को पाने में कामयाबी हासिल की है। इसकी स्थापना जिस उद्देश्य से की गई थी, यह उस पर खरी उतरी है।

पूरे भारत में ये एक ऐसी यूनिवर्सिटी है, जहां मूक, बधिर, विकलांग और कमजोर वर्ग के बच्चों को शिक्षा प्रदान की जाती है।

### बच्चों में है काफी कॉम्पिटीशन

शिवपाल ने कहा कि आधुनिकता के इस युग में बच्चों में काफी कॉम्पिटीशन हो रहा है। विकलांग और मूक, बधिर बच्चों को काफी ज्यादा संघर्ष करना पड़ता है। उन्होंने बच्चों से



कहा कि वह संघर्ष से घबराएं नहीं क्योंकि बिना संघर्ष के जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल नहीं की जा सकती। उन्होंने बच्चों से आगे कहा कि निश्चित ही आपके जीवन में एक दिन प्रकाश आएगा और आप सभी लोग यूनिवर्सिटी के साथ प्रदेश-देश और अपने माता पिता का नाम रोशन करेंगे।

# स्कूल जाने के लिए विकलांग बच्चों को मिलेगा किराया भत्ता

औरैया। उत्तर प्रदेश में विकलांग बच्चों को स्कूल जाने के लिए अब किराया भत्ता मिलेगा। आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि इस योजना में उन बच्चों को शामिल किया जाएगा जो अपने आप पैरों से चल कर स्कूल जाने में असमर्थ हैं। इन बच्चों को एक सत्र में दस माह के लिए 250 रुपये प्रति माह के हिसाब से किराया भत्ता मिलेगा। उन्होंने बताया कि राज्य भर से विकलांग बच्चों की सूची मांगी गई है जो खुद ब खुद स्कूल जाने में असमर्थ हैं। इन बच्चों को चिन्हित कर स्कूल जाने के लिए किराया भत्ता दिया जायेगा। सूत्रों के अनुसार किराये भत्ते की राशि बच्चों के खातों में भेजी जायेगी।

# हर मानसिक रोगी से गार्जियनशिप सर्टिफिकेट नहीं मांग सकते बैंक

मुंबई। रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने स्पष्ट किया है कि बैंक हर मानसिक रोगी से गार्जियनशिप सर्टिफिकेट की माँग नहीं कर सकते। केंद्रीय बैंक ने एक अधिसूचना में स्पष्ट किया है कि बैंकों के लिए सिर्फ उन्हीं मामलों में अभिभावक की नियुक्ति आवश्यक होगी जिनमें उन्हें निश्चित तौर पर लगता है या ऐसे दस्तावेजी प्रमाण हैं कि ग्राहक मानसिक रूप से बीमार है और वह कोई वैध या कानूनी समझौता करने में अक्षम है। उसने कहा कि उसे जानकारी मिली है कि बैंक सभी मानसिक रोगियों से गार्जियनशिप सर्टिफिकेट की माँग कर रहे हैं। इसलिए उसने यह स्पष्टीकरण दिया है। आरबीआई ने कहा कि बैंक इसे नियम नहीं बना सकते कि यदि कोई ग्राहक मानसिक रूप से बीमार है तो उसके लिए अभिभावक की नियुक्ति अनिवार्य होगी। केंद्रीय बैंक के इस दिशा-निर्देश से मामूली मानसिक बीमारियों का इलाज करा रहे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

## सचिन तेंदुलकर ने की 'एस्टर सेफरोड्स' के साथ सड़क सुरक्षा की वकालत

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया व भारत में अग्रणी निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं में से एक एस्टर डीएम हेल्थकेयर ने 'एस्टर सेफरोड्स' की घोषणा की। यह सड़क सुरक्षा के विषय में एक सार्वजनिक जागरुकता पहल है। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को परिवर्तन के प्रतिनिधि के रुप में प्रोत्साहित कर नागरिकों को उत्तरदायित्वपूर्ण सड़क व्यवहार को अपनाने की जानकारी देना है। प्रख्यात क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर 7 फरवरी को दिल्ली में एक पहल के लॉन्च के साथ इस कैंपेन का शुभारंभ किया। एस्टर सेफरोड्स पर टिप्पणी करते हुए डॉ. आजाद मूपेन, संस्थापक चेयरमैन व प्रबंध निदेशक ने कहा कि, भारत में प्रत्येक वर्ष 5 लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिसमें 1.4 लाख लोग अपना जीवन गवां बैठते हैं तथा 3 लाख लोग जीवन भर के लिए विकलांग हो जाते हैं। वर्ष 2015 में केवल दिल्ली में ही दुर्घटनाओं के कारण 1,500 लोगों की मौत हो चुकी है।


36 वर्षों से दृष्टि बाधितों की सेवा में

सतत प्रयत्नशील

लुई-ब्रेल दृष्टिहीन विकास संस्थान

एच-32, बढ़ारणा, टेलीकॉम ट्रेनिंग सेन्टर के पीछे, वाया रोड नं. 14, वी.के.आई., जयपुर-302013

दूरभाष: 0141- 4023328.

:प्रवृत्तियां:

- ब्लाइंड रिलीफ सेंटर
- आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र
- कम्प्यूटर प्रशिक्षण एकांश
- ब्रेल लायब्रेरी